# फ्रेम का उपयोग

21

## उद्देश्य

इस पाठ के अंत में आप जानेंगे

- frameset घटक का उपयोग कर फ्रेम बनाना
- फ्रेम घटक का उपयोग कर वेब पेज को दर्शाना

## फ्रेम्स

फ्रेम्स दो या दो से अधिक वेब पेजों को एक ही वेब ब्राउजर विन्डो के द्वारा दर्शाते है। आपको फ्रेम्स को बनाने के लिए फ्रेम के दस्तावेज को बनाने की आवश्यकता होगी। फ्रेम दस्तावेज HTML दस्तावेज के समान ही होता है सिर्फ उसमें Body घटक के स्थान पर frameset कंटेनर घटक होता है। frameset घटक की संचरना नीचे दर्शाई गई है।

```
<HTML>
<HEAD>
<TITLE>Frameset Element</TITLE>
</HEAD>
<Frameset>…</Frameset>
</HTML>
```


## Frameset घटक

frameset घटक Body घटक के समान होता है। frameset घटक के निम्नलिखित गुणधर्म है :

- पंक्तियां
- Cols (कोल्स)

गुणधर्म के उपयोग से, दो या दो से अधिक वेब पेजों को समानांतर प्रदर्शित किया जा सकता है। (चित्र 21.1 देखें)। मान को पिक्सेल अथवा प्रतिशत में निर्दिष्ट किया जा सकता है।

```
<HTML>
<HEAD>
<TITLE>Frameset Element</TITLE>
</HEAD>
<Frameset Rows = "25%, 35%, 45%, 45%">…</Frameset>
</HTML>
```





चित्र 21.1: पंक्ति गुणधर्म

Cols गुणधर्म का उपयोग ब्राउजर विंडो को लम्बवत विभाजित करने के लिए किया जाता है (देखें चित्र 21.2)। मान को पिक्सेल अथवा प्रतिशत में निर्दिष्ट किया जा सकता है।

```
<Frameset Cols = "30%, 25%, 45%, 60%">…</Frameset>
```


©NIIT




चित्र 21.2: Cols गुणधर्म


## Frame घटक

Frame घटक का उपयोग वेब पेजों को विभिन्न फ्रेम्स में प्रदर्शित करने के लिए किया जा सकता है। फ्रेम घटक एक रिक्त (Empty) घटक होता है।

Frame घटक के गुणधर्म :

- SRC – SRC गुणधर्म HTML दस्तावेज के URL को स्वीकार करता है, जिसे फ्रेम में दर्शाने की आवश्यकता पड़ती है। नीचे SRC गुणधर्म को निर्दिष्ट करने का कोड दिया गया है (चित्र 21.3 देखें)


```
<Frameset Cols= "50%, 40%">
<Frame SRC = "1st.HTM">
<Frame SRC = "2nd.HTM">
</Frameset>
```




चित्र 21.3: SRC गुणधर्म

- Marginwidth – Marginwidth गुणधर्म फ्रेम के बाएं व दाएं हाशिए को नियंत्रित करती है। इस गुणधर्म का मान पिक्सेल में निर्दिष्ट होता है नीचे Marginwidth गुणधर्म को निर्दिष्ट करने का कोड नीचे दिया गया है (देखें चित्र 21.4)।

```
<Frameset Rows = "25%, 25%">
<Frame SRC="Ist.HTM" Marginwidth = 300>
<Frame SRC = "2nd.HTM">
</Frameset>
```





चित्र 21.4: Margingwidth गुणधर्म



©NIIT

- Marginheight – Marginheight गुणधर्म के मान ऊपरी व निचले हाशिए को नियंत्रित करता है। इस गुणधर्म के मान को पिक्सेल में निर्दिष्ट किया जाता है। नीचे Marginheight गुणधर्म को निर्दिष्ट करने का कोड दिया गया है (देखें चित्र 21.5)।


```
<Frameset Rows = "25%, 25%">
<Frame SRC = "Ist.HTM" Marginheight = 100>
<Frame SRC = "2nd.HTM">
</Frameset>
```




चित्र 21.5: Marginheight गुणधर्म

- स्क्रॉलिंग (Scrolling) – फ्रेम घटक स्क्रॉलिंग गुणधर्म इस बात का वर्णन करता है कि किसी फ्रेम में स्क्रॉलबार होना चाहिए अथवा नहीं। आप इस गुणधर्म के मान को हां अथवा *Auto* पर सेट कर सकते हैं। जब स्क्रॉलिंग गुणधर्म के मान को हां पर सेट किया जाएगा तब स्क्रॉल बार फ्रेम पर प्रदर्शित होगा। आप चाहे तो ब्राउजर को सूचित करने के लिए मान को "Auto" पर भी सेट कर सकते है, जिससे वो आवश्यकता पड़ने पर स्क्रॉलबार को प्रदर्शित करने का निर्णय ले सके। By default स्क्रॉल गुणधर्म का मान "Auto" होता है। नीचे स्क्रॉलिंग गुणधर्म को निर्दिष्ट करने का कोड दिया गया है (देखें चित्र 21.6)।

```
<Frameset Rows = "25%, 25%">
<Frame SRC = "Ist.HTM">
<Frame SRC = "2nd.HTM" Scrolling = Yes>
</Frameset>
```





चित्र : 21.6: Scrolling गुणधर्म

■ Noresize – फ्रेम बटन के Noresize गुणधर्म का उपयोग तब कर सकते है जब आप चाहते है कि यूजर फ्रेम को रिसाइज न कर सके। By default सभी फ्रेम्स रिसाइजेबल होते है। Noresize गुणधर्म को निर्दिष्ट करने का कोड नीचे दिया गया है।

```
<Frameset Rows = "25%, 25%">
<Frame SRC = "Ist.HTM" Noresize>
<Frame SRC = "2nd.HTM">
</Frameset>
```

■ Frameborder – "Frameborder" गुणधर्म आपको फ्रेम के लिए दर्शाए गए बॉर्डर को नियंत्रित करने की स्वीकृति देता है। आप इस गुणधर्म को शून्य पर सेट कर सकते है, जिससे फ्रेम के बॉर्डर को अवरोधित किया जा सकता है। Frameborder गुणधर्म को निर्दिष्ट करने का कोड नीचे दिया गया है। (देखें चित्र 21.7)।

```
<Frameset Rows = "25%, 25%">
<Frame SRC = "Ist.HTM" Frameborder = 0>
<Frame SRC = "2nd.HTM">
</Frameset>
```




चित्र 21.7: Frameborder गुणधर्म

- Framespacing – "Framespacing" गुणधर्म का उपयोग (Floating frames) बनाने के लिए किया जा सकता है। यह गुणधर्म फ्रेम्स के आसपास अतिरिक्त जगह बनता है। इस गुणधर्म का मान फ्रेम के आसपास आवश्यक स्थान होना चाहिए। इसका मान पिक्सेल में सेट किया जाता है।

```
<Frameset Rows = "25%, 25%">
<Frame SRC = "Ist.HTM" Framespacing = 10>
<Frame SRC = "2nd.HTM" Framespacing = 10>
</Frameset>
```

## अब आप जानते हैं

- फ्रेम्स आपको दो या दो से अधिक वेब पेजों को एक ही वेब ब्राउजर विंडो में दर्शाने की स्वीकृति देते है।
- फ्रेम दस्तावेज **HTML** दस्तावेज के ही समान होता है, उसमें Body घटक के स्थान पर Frameset कंटेनर घटक होता है।
- Frameset घटक के पंक्तियां व Cols गुणधर्म होते है।

- फ्रेम घटक का उपयोग वेब पेजों को विभिन्न फ्रेम्स में दर्शाने के लिए किया जाता है।


# चर्चा के लिए

**रिक्त स्थान भरें।**

1. ________________ एलीमैन्ट Body एलीमैन्ट की तरह होता है।
2. ब्राउजर विण्डो को ________________ एट्रीब्यूट का इस्तेमाल करके विभाजित किया जाता है।
3. Frame एलीमैन्ट ________________ एलीमैन्ट होता है।
4. ________________ और ________________ एट्रीब्यूट फ्रेम के मार्जिन को उपर, नीचे, दाएं और बाएं नियन्त्रित करने के लिए किया जाता है।
5. स्क्रोलिंग एट्रीब्यूट की वैल्यू को ________________ या ________________ सैट किया जा सकता है।

# करने के लिए

1. नीचे दिए गए वैब पेज के लिए HTML कोड को दिखाएं।




2. तीन वैब पेजेज बनाएं।
   a. पहले वैब पेज में अपनी कक्षा के 15 छात्रों के नाम, जो वैब पेज का 25% भाग 120 मार्जिन की उंचाई के साथ घेरे होना चाहिए इसका फ्रेम बॉर्डर एट्रीब्यूट शून्य होना चाहिए।

b. दूसरे वैब पेज में छात्रों को व्यक्तिगत विवरण (छात्र का नाम, पिता का नाम, पता, टेलीफोन नम्बर, और उम्र) होना चाहिए। इस पेज को ब्राउजर विण्डो का 45% भाग घेरना चाहिए। यह रीसाईजेबिल नहीं होना चाहिए।

c. तीसरे वैब पेज में छात्रों द्वारा इंग्लिश, हिन्दी, मैथमेटिक्स और साइन्स में प्राप्त अंकों की टेबल को दिखाया जाना चाहिए।

d. ये तीनों पेज वर्टीकली दिखाई देने चाहिए।